## खबर संक्षेप

### आत्मानंद विद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

**गंडई पंडरिया।** पीएमश्री लाल मूरत सिंह खुशरो अंग्रेजी- हिन्दी विद्यालय गंडई में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभिभावक 5 मई तक ऑनलाइन सीजी स्कूल एजुकेशन पोर्टल से आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय की कक्षा पहली में 50 सीटें हैं। वहीं कक्षा 6वीं, 8वीं और 9वीं में 2-2 सीट रिक्त है। प्रवेश प्रक्रिया में नियमानुसार 50 प्रतिशत बालिकाओं, 25 फीसदी बीपीएल परिवारों और 25 प्रतिशत सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए आरक्षित हैं। निर्धारित सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लॉटरी के माध्यम से छात्रों का चयन किया जाएगा। लॉटरी की तिथि 5 मई से 10 मई तक निर्धारित है। लॉटरी निकलने के बाद चयनित छात्रों के दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन 11 से 15 मई तक किया जाएगा। प्रवेश की जानकारी के लिए अभिभावक प्रवेश प्रभारी शुभम सिंह, किरण ठाकुर , हेमंत कुमार और ममता सोनी से संपर्क कर सकते हैं।

### शिक्षिका वेदकुमारी को मिली मानद उपाधि

**खैरागढ़।** धमतरी में समता साहित्य अकादमी द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे शिक्षिका वेदकुमारी साहू को डॉ भीमराव अंबेडकर फेलोशिप से सम्मानित किया गया। अंबेडकर जयंती के दिन आयोजित कार्यक्रम अतिथियों ने ब्लाक के पिपलाकछार स्थित अवंती विद्या मंदिर की प्रधान पाठिका वेदकुमारी साहू को शिक्षा, कला, साहित्य, खेल, नशाबंदी, ग्रामोत्थान महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण, सामज सेवा, संस्कृति व व्यक्तित्व विकास को लेकर उल्लेखनीय योगदान के लिए श्रेष्ठ भूमिका का परिचय देने पर बीआर अंबेडकर फेलोशिप की मानद उपाधि दी। अकादमी के प्रांताध्यक्ष जीआर बंजारे ने कहा कि मानस मंचो मे बेहतरीन उद्घोषक के रूप मे प्रसिद्ध शिक्षिका वेदकुमारी साहू दलित, पिछड़े व कमजोर लोगों को अधिकार दिलाने, शोषण मुक्त समतामूलक समाज के निर्माण की दिशा मे तत्परता से काम करते आ रही है। उनकी सृजनात्मक क्षमता और कार्यशैली को देखते हुए अकादमी द्वारा मानद उपाधि प्रदान करना शिक्षिका के साथ साथ अकादमी के लिए भी गौरवांवित करने वाला है।

### कॉलेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**राजनांदगांव।** कान्फ्लुएंस कॉलेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर संजय अग्रवाल व अतिथि के रूप में महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. मनीष जैन एवं संजय अग्रवाल शामिल हुए। स्वागत भाषण देते प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने विभिन्न विभागों और समितियों द्वारा प्राप्त उपलब्धियां का वितरण विद्यार्थियों के प्रतिभाओं को निखारने एवं समृद्ध करने वाली गतिविधियों को आयोजित करने की पहल जारी रखने के लिए विभागों को प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि का स्वागत छात्रों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि महाविद्यालय के विभिन्न जनजागरूकता अभियान, सांस्कृतिक गतिविधि और खेल क्षेत्र की उत्कृष्टता को प्राप्त विद्यार्थियों का सम्मान कॉलेज की ओर से मेडल, प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर किया गया।

आयोजन

**ग्राम पंचायत बहिंगा के आश्रित ग्राम करही में मनाई गई डॉ आंबेडकर की जयंती**

# विधायक दीपेश ने डॉ आंबेडकर की प्रतिमा का किया अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



विधानसभा क्षेत्र के बहिंगा पंचायत के आश्रित ग्राम करही में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस दौरान विधायक साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर न केवल भारतीय संविधान के निर्माता थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के अप्रतिम पुरोधा थे। यह दिन केवल एक जयंती नहीं है, यह एक विचार, एक चेतना और एक क्रांति की स्मृति है। उनका जीवन त्याग, तपस्या और संघर्ष की प्रेरणादायक गाथा है। उनके विचार आज भी हम सबको समाज में एकता और समरसता बनाए रखने की सीख देते हैं। उनके पदचिन्हों पर चलकर ही हम एक समावेशी और सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा की बाबा साहब का मानना था कि शिक्षा वह शस्त्र है जिससे आप दुनिया को बदल सकते हैं।" उन्होंने खुद असंख्य कठिनाइयों का सामना करते हुए उच्च शिक्षा प्राप्त की और समाज के लिए प्रेरणा बने लेकिन अपने ज्ञान को कभी निजी उपलब्धि नहीं बनाया, बल्कि उसे समाज के उत्थान के लिए समर्पित किया। आज जब हम उनकी जयंती मना रहे हैं, तो यह आवश्यक है कि हम उनके दिखाए रास्ते पर चलें। सामाजिक समरसता, समान अवसर, और सबके लिए न्याय यही उनके विचार थे। हमें भी अपने जीवन में उन मूल्यों को आत्मसात करना होगा, जिनके लिए बाबा साहब ने अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अवधेश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, जनपद अध्यक्ष हेमा जय दिवाकर, गजानंद साहू अध्यक्ष भाजपा ग्रामीण, प्रबल सिंह ठाकुर अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति जेवरा, हर्ष वर्धन तिवारी, रीना साहू, ललिता साहू महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष, टोपसिंह टंडन, शक्ति केन्द्र प्रभारी जेवरा,संदीप खरें, पूर्व सरपंच ग्रा. पं. बहिंगा जयकुमारी देवशरण साहू सरपंच, प्रमिला खरे, उपसरपंच पिंकी गुप्ता, संजू सिंह, ओमेश्वरी साहू सहित ग्रामवासी ग्राम पंचायत-बहिंगा करही उपस्थित रहे।

## पीएमश्री स्कूल के शिक्षक ईश्वरी को मिला डॉ आम्बेडकर सम्मान

■ प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन, काव्य पाठ एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम




**बेमेतरा।** विश्व विभूति, भारतीय संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जन्म जयंती के अवसर पर गोंडवाना भवन धमतरी में समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य इकाई के तत्वज्ञान में प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन, काव्य पाठ एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों के लगभग 200 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस समारोह में पीएमश्री स्कूल उघरा विकासखण्ड बेमेतरा के ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर व बाबा साहब डॉ अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर अकादमी की संरक्षक सुशीला देवी वाल्मीकि ने किया, संचालन प्रांताध्यक्ष जी आर बंजारे ज्वाला ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ जी सी भारद्वाज कुसुम प्राचार्य, शास. लक्ष्मणेश्वर स्नात. महाविद्यालय खरौद जांजगीर चांपा, विशिष्ट अतिथि के रूप में राम मिलन रावटे शिक्षाधिकारी-दंतेवाड़ा, पारस दास मानिकपुरी समाज सेवी-दल्ली राजहरा, सुरेश कुमार ठाकुर (लोक गायक-रायपुर), व अनुसूईया बाई ध्रुव (सरपंच ग्राम पंचायत बगदेही ) उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्र गान व भीम वंदना के साथ हुआ। अंचल के लब्ध प्रतिष्ठ कवियों- बिशाल सिंह ध्रुवे, लिकेश कुमार धृतलहरे, ईश्वरी प्रसाद धृतलहरे, संयुक्ता बोस, विरेन्द्र कुमार डड़सेना, रेखा देवी जलक्षत्री, पुरानिक लाल चेलक ने काव्य पाठ प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शैक्षणिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए हरीश साहू, भगवंतीन निराला, वंशिका चैहान, सावित्री कहार, पुरूषोत्तम पटेल, सविता छाटा, मोनासिंह परिहार, कुसुम निषाद, नैना निषाद, तारासिंह चैहान आदि प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

# सीईओ ने जनदर्शन में सुनीं आमजनों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ सीईओ श्री अग्रवाल ने दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद्र अग्रवाल ने मंगलवार समय-सीमा बैठक के उपरांत कलेक्टोरेट के दृष्टि सभा कक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में आम जनता की समस्याएं, मांगें और शिकायतें ध्यानपूर्वक सुनीं। श्री अग्रवाल ने प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को तत्काल सौंपते हुए त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया। कई मामलों में संबंधित विभागों द्वारा मौके पर ही समस्या का समाधान भी किया गया। श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त गंभीर एवं जांच योग्य 18 आवेदनों को समय-सीमा पंजी में दर्ज कराते हुए उनके शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनदर्शन में तहसील बेरला के ग्राम मनियारी की निवासी बहारिन गोंड ने प्रधानमंत्री आवास योजना (आवास प्लस) के अंतर्गत आवास की मांग की। थाना परपोड़ी के ग्राम कुरूलू से आए रेवाराम वर्मा ने अपने 27 वर्षीय गुमशुदा पुत्र अक्षय वर्मा के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। वहीं वार्ड क्रमांक 17 नयापारा बेमेतरा की निवासी ज्योति तिवारी ने दो वर्षों से आत्मानंद स्कूल में सीट न होने के कारण अपनी पुत्री रूपाली तिवारी का दाखिला न हो पाने की समस्या रखी। तहसील नवागढ़ के ग्राम रनबोड निवासी प्रमिला साहू ने पैरोल पर अवकाश दिए जाने के संबंध में आवेदन किया। इसके अलावा निराश्रित पेंशन, दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, बैटरी चालित ट्राइसिकल, आम रास्ता खुलवाने, खाद गड्ढा हटवाने, रकबा जोड़ने तथा आवास योजना इत्यादि से संबंधित कई आवेदन प्राप्त हुए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जनदर्शन में उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें उचित कार्रवाई और समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अंकिता गर्ग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कलेक्टरेट परिसर में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**एसएसपी, जिला पंचायत सीईओ, एएसपी सहित कई अधिकारी-कर्मचारी हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा






चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय एवं कलेक्टरेट परिसर स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस धार्मिक आयोजन में जिले के आला अधिकारियों से लेकर प्रशासनिक कर्मचारियों एवं श्रद्धालु नागरिकों तक, सभी ने सहभागिता निभाई और प्रभु श्री हनुमान जी का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की आवाजाही शुरू हो गई थी। श्रद्धालु भक्तों ने विधिवत पूजा-अर्चना, हवन यज्ञ और सुंदरकांड पाठ में भाग लिया। आयोजन की पूर्ण आस्था के साथ अगुवाई पंडित अभिषेक दुबे ने की। भक्तिमय माहौल में 'जय श्री राम' और 'जय हनुमान' के जयघोष गूंजते रहे, जिससे संपूर्ण परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। विशेष बात यह रही कि अवकाश के चलते भंडारा एवं प्रसादी वितरण का आयोजन आज 15 अप्रैल को किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति द्वारा सभी आगंतुकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, अपर कलेक्टर अंकिता गर्ग, डीएसपी राजेश कुमार झा, एसडीएम प्रकाश कुमार भारतद्वाज, दिव्या पोटाई, दीप्ती वर्मा, धनीराम रात्रे सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने भगवान हनुमान जी के चरणों में पुष्प अर्पित कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाल जीवन की कामना की। इस धार्मिक आयोजन ने जिले में भक्ति, सामूहिक सहभागिता और सामाजिक सौहार्द्र का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया।

# राकेश ने खादी ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष का पदभार संभाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

■ कार्यक्रम में सीएम साय सहित प्रदेश भाजपा के तमाम बड़े नेता हुए शामिल



खादी ग्रामोद्योग को प्रोत्साहन देने और प्रदेश के कारीगरों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश पांडेय ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। रायपुर स्थित बोर्ड कार्यालय में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। साथ में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय, मंत्री रामविचार नेताम, टंकराम वर्मा, बृजमोहन अग्रवाल, राजेश मुंडत, अमर अग्रवाल सहित प्रदेश के दिग्गज नेतागण उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि खादी केवल एक वस्त्र नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक पहचान और स्वदेशी आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उन्होंने आशा जताई कि राकेश पांडेय के नेतृत्व में यह बोर्ड नई ऊंचाइयों को छुएगा और हजारों ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ेगा। समारोह में भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान ने भी नवागढ़ विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ शिरकत की और नवनियुक्त अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि राकेश पांडेय जी न केवल एक ऊर्जावान और दूरदर्शी नेता हैं, बल्कि उनकी कार्यशैली में संगठनात्मक दक्षता और सामाजिक संवेदनशीलता का अद्भुत समन्वय है। उनकी नियुक्ति से खादी ग्रामोद्योग को नई दिशा मिलेगी, और यह क्षेत्र प्रदेश के ग्रामीणों और कारीगरों के लिए आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बनेगा। समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, खादी उद्यमी और आम नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में खादी उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया, जहां स्थानीय उत्पादों को सराहा गया।

### दो साल की सजा व एक लाख जुर्माना का प्रावधान

**राजनांदगांव।** बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ की अवधारणा को साकार करने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान 10 मार्च 2024 से संचालित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला प्रशासन राजनांदगांव द्वारा जिले स्तर एवं विकासखंड स्तर तथा ग्राम स्तर पर निरंतर प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समाज प्रमुखों का जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाल का आयोजन किया गया।

## रामचरितमानस की अमृतधारा में डूबे श्रद्धालु

■ पर्जन्य यज्ञ के दूसरे दिन उमड़ा श्रद्धा का सागर



**नवागढ़।** श्री राम मंदिर परिसर नवागढ़ में जारी पर्जन्य यज्ञ के दूसरे दिन धार्मिक उत्साह और श्रद्धा की अनूठी छटा देखने को मिली। सोमवार की सुबह वैदिक मंत्रों की गूंज के साथ यज्ञ की विधिवत शुरुआत हुई। यजमान शिवनारायण पाठक एवं किरण पाठक ने पूजन कर यज्ञ मंडप में आहुति अर्पित की। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु यज्ञ स्थल पर उपस्थित रहे और वर्षा की कामना के साथ पूजा-अर्चना की। महिलाओं द्वारा सामूहिक रामचरितमानस पाठ ने वातावरण को और अधिक आध्यात्मिक बना दिया। संध्या आरती के पश्चात भजन संध्या में स्थानीय कलाकारों ने भक्तिमय प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। यज्ञ समिति के मिंटू बिसेन ने बताया कि यज्ञ के दौरान प्रतिदिन रामायण पाठ, प्रवचन एवं भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 18 अप्रैल को शिव महारुद्राभिषेक तथा 21 अप्रैल को पूर्णाहुति एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति ने समस्त ग्रामवासियों एवं आसपास के श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर यज्ञ महोत्सव का पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# जिले की नवाचारी शिक्षिका मंजू उत्कृष्ट रचना के लिए हुईं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा




जय जोहार साहित्य एवं संस्कृति संस्थान द्वारा 14 अप्रैल को छत्तीसगढ़ की नारी शक्ति पर केंद्रित पुस्तक कोसल पुत्री के दो भाग और कहानी गढ़ छत्तीसगढ़ सहित चार अन्य पुस्तकों का विमोचन मुख्य अतिथि समाजसेवी कौशिल्या विष्णुदेव साय के कर कमलों द्वारा हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की 108 महिला नेत्रियों का सम्मान भी हुआ। बेमेतरा जिले से नवाचारी शिक्षिका और लेखिका मंजू साहू को उनकी प्रकाशित रचना के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें शिक्षा विभाग द्वारा अनेकों सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। शिक्षिका मंजू साहू ने रिसर्च कर छत्तीसगढ़ की महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी केकती बाई बघेल के जीवन पर आलेख तैयार किया है। रचनाएं कोसल पुत्री एवं कहानी गढ़ छत्तीसगढ़ में प्रकाशित है। इसके पूर्व भी शिक्षिका की कई रचनाएं प्रकाशित हो चुकी है। जिनमें मोर बेमेतरा, किसान, पर्यावरण, बेटी बचाओ, स्कूल जाबो, पाठशाला, मां, मन के हारे हार, स्वच्छता, बचपन इत्यादि रचनाएं प्रकाशित हो चुकी है। छत्तीसगढ़ की विभिन्न संस्थाओं द्वारा प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह एवं मेडल से सम्मानित हो चुकी है।

### सभी क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ की महिलाएं आगे

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाजसेवी कौशिल्या विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि महिलाओं को अपनी रक्षा के लिए स्वयं सजग होना होगा। छत्तीसगढ़ की महिलाएं जीवन के विविध रंगों में लिख रही हैं। आज सभी क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ की महिलाएं आगे हैं। घर परिवार के अलावा राज्य की संस्कृति के संरक्षण में वे अत्यधिक सक्रिय हैं। छत्तीसगढ़ साहित्य के मामले में उर्वरा भूमि है। प्रस्तुत पुस्तक अनुसंधान के बाद लिखा गया है इसलिए यह प्रमाणिक इतिहास की तरह है।

### 108 नारी शक्तियों का सम्मान

विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग की सचिव अभिलाषा बेहार ने लेखिकाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए बधाई दी। मुख्य अतिथि कौशिल्या विष्णुदेव साय ने कोसल पुत्री, कहानी गढ़ छत्तीसगढ़ सहित अन्य पुस्तकों का विमोचन किया। इस अवसर पर पद्मश्री शमशाद बेगम, उषा बारले, सहित 108 नारी शक्तियों का सम्मान किया। समारोह में छत्तीसगढ़ के विविध जिलों की लेखिकाएं उपस्थित थीं। संस्था के अध्यक्ष डॉ सीमा निगम ने जानकारी देते हुए बताया छत्तीसगढ़ में इस तरह का आयोजन पहली बार हुआ है। छत्तीसगढ़ की विशिष्ट महिला प्रतिभाओं पर आधारित कौशलपुत्री नामक पुस्तक दो भागों में प्रकाशित की गई है। जिसे छत्तीसगढ़ के ही महिला रचनाकारों ने रिसर्च कर आलेख के रूप में तैयार किया गया है।




